रबर की खपत अनुमान से कम

सिंगापुर ◆ नेचुरल और सिंथेटिक रबर की कुल खपत पिछले अनुमान से थोड़ी कम रहने का अनुमान है। इंटरनेशनल रबर स्टडी ग्रुप के अनुसार रबर की कुल वैश्विक खपत 257 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि पहले चालू वर्ष 2011 में रबर की खपत 261 लाख टन रहने की संभावना थी। हालांकि चालू वर्ष की खपत पिछले वर्ष 2010 से फिरभी ज्यादा रहेगी। वर्ष 2010 के दौरान 246 लाख टन रबर की खपत हुई थी। वैश्विक स्तर पर आर्थिक सुधार को लेकर चिंता होने के कारण रबर की खपत कम होने की संभावना व्यक्त की गई है। भारत व चीन समेत कई देशों में वाहनों की बिक्री प्रभावित होने की खबर है। इससे टायरों के लिए रबर की मांग कम हो सकती है।